भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 1042**
(जिसका उत्तर शुक्रवार, 29 अप्रैल, 2016 को दिया गया)

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में निवेशक**

**1042. श्री बी. श्रीरामुलु :**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास प्रमुख समाचार चैनलों सहित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में निवेशकों का ब्यौरा है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी चैनल-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्री** **(श्री अरूण जेटली)**

**(क) और (ख):** कारपोरेट कार्य मंत्रालय के पास इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में निवेशकों के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है। कंपनियों के औद्योगिक कार्यकलाप-वार वर्गीकरण में एक विशेष कार्यकलाप के रूप में 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया' को सम्मिलित नहीं किया जाता है। तथापि, दिनांक 24.03.2016 के अनुसार, 'टेलीविजन कार्यकलाप' के अंतर्गत आने वाली सक्रिय कंपनियों की संख्या 364 है जिनकी कुल चुकता पूंजी लगभग 4044 करोड़ रुपए है।

*****